राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

आगंतुको से पुष्पगुच्छ ना लाने की अपेक्षा की राज्यपाल ने

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र एक पुष्प या सूत की माला लेंगे सम्मान में

नियमित फ्लाइट से गये दिल्ली, सडक मार्ग से आयेंगे वापिस

–

जयपुर, 01 नवम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने लोगों से अपेक्षा की है कि उन्हें सम्मान में एक पुष्प या सूत की माला ही भेंट की जाये। राज्यपाल श्री मिश्र राजभवन में अपने कार्यालय में प्रतिदिन लोगों से मुलाकात कर रहे हैं। राज्यपाल से मिलने वाले लोगों में जनप्रतिनिधि, राजनीतिज्ञ, प्रशासनिक अधिकारीगण और आमजन शामिल है।

राज्यपाल से भारतीय स्टेट बैंक के मुख्य महाप्रबंधक की मुलाकात – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को यहां राजभवन में भारतीय स्टेट बैंक के राजस्थान क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक श्री रविन्द्र पाण्डेय ने मुलाकात की। राज्यपाल को श्री पाण्डेय ने बैंक की गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल से पूर्व मंत्री श्री सैनी मिले – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र से शुक्रवार को यहां राजभवन में पूर्व मंत्री श्री प्रभुलाल सैनी ने शिष्टाचार मुलाकात की।

राज्यपाल दिल्ली गये – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शुक्रवार को दोपहर में एयर इण्डिया की नियमित फ्लाइट संख्या AI – 492 से दिल्ली गये। श्री मिश्र दिल्ली में सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। राज्यपाल दिल्ली में उच्च शिक्षा के विभिन्न बिंदुओं पर विद्वानों से चर्चा भी करेंगे। राज्यपाल श्री मिश्र का शनिवार को सड़क मार्ग से दिल्ली से जयपुर वापिस आने का कार्यक्रम है।

अपना परिवार ग्लोबल वैश्विक व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे राज्यपाल – राज्यपाल श्री कलराज मिश्र शनिवार को सांय 6 बजे होटल मेरियट में अपना परिवार ग्लोबल वैश्विक व्यापार सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक (जनसम्पर्क), राज्यपाल